दिनांकः 07.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनियाभर में आशा की नई अलख जगाई है।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज से जैसलमेर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा–देश के ऊर्जावान और दूरदर्शी युवा पूरी दुनिया में इनोवेशन और रिसर्च में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।
- इस साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का कल आयोजन होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनियाभर में आशा की नई अलख जगाई है। नई दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत आज वैश्विक विकास को गति दे रहा है और विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

............

प्रधानमंत्री आज गुजरात और केंद्र शासितप्रदेश दादरा तथा नगर हवेली और दमण–दीव की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे। श्री मोदी दादरा और नगर हवेली के सिलवासा में दो हजार पांचसौ 87 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कल नवसारी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, 'लखपति दीदी सम्मेलन' में भाग लेंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज से जैसलमेर के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे तनोट माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे। राज्यपाल सीमा सुरक्षा बल की चौकियों का दौरा कर जवानों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद उनका जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का कार्यक्रम है।

..............

000

विधानसभा में आज नगरीय विकास और आवासन तथा स्वायत्त शासन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले, कल सदन में चर्चा के बाद चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की 133 अरब 28 करोड़ 96 लाख से रुपए ज्यादा की और चिकित्सा शिक्षा विभाग की 61 अरब 31 करोड़ 82 लाख 57 हजार रूपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित की गई। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले साल में ही चिकित्सा विभाग में करीब 25 हजार पदों पर भर्तियां की हैं और 26 हजार 501 पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं, जो इसी वर्ष पूरी होना संभावित हैं।

000

'एक राष्ट्र–एक चुनाव' विषय पर जयपुर में आज एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। राजस्थान चैम्बर भवन में होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी और 'एक राष्ट्र–एक चुनाव' प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव शामिल होंगे। विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

000

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों को टीबी संक्रमण से बचने, इसकी रोकथाम और उपाय की जानकारी दी जा रही है। भरतपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी गौरव कपूर ने बताया कि वहां घोषित हुई टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को 24 मार्च को एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

...............

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि देश के ऊर्जावान और दूरदर्शी युवा पूरी दुनिया में इनोवेशन और रिसर्च में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। श्री बिरला ने भारतीय महिलाओं की शक्ति और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि भारत की प्रगति और विकास में महिलाएं सबसे आगे हैं। श्री बिरला कल दिल्ली विश्वविद्यालय के बिजनेस कॉन्क्लेव में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे समय पर अपनी दिशा तय करें, लक्ष्य निर्धारित करें और दृढ़ संकल्प के साथ उन्हें हासिल करने का प्रयास करें। लोकसभा अध्यक्ष ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच विद्यार्थियों को रचनात्मकता और विशाल दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए दिया गया है। जर्मनी में हुए एक समारोह में उपमुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन विभाग के अधिकारी, उपेन्द्र सिंह शेखावत ने ये सम्मान प्राप्त किया। गौरतलब है कि राज्य सरकार पर्यटन को बढावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर काम कर रही है। इसके तहत देश और दुनिया के विभिन्न पर्यटन मंचों पर प्रदेश के पर्यटन की ब्रांडिंग की जा रही है।

000

इस साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत कल आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से होने वाली यह लोक अदालत राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में लगाई जाएगी। न्यायाधीश चंद्रशेखर जोधपुर में और न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह जयपुर में लोक अदालत का शुभारंभ करेंगे।

इन लोक अदालतों में राजीनामे से आमजन को अपने विवाद जल्दी, सरल और सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने का अवसर दिया जाता है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्रि ने बताया कि लोक अदालत के प्रति आमजन और पक्षकारों में उत्साह बना हुआ है। पक्षकार स्वयं आगे बढ़कर अपने मामलों को लोक अदालत में लगवाने के लिए आ रहे हैं।

000

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर बाघ परियोजना प्रथम की रेंज में पाली घाट स्थित चम्बल घड़ियाल सेंचूरी में घड़ियाल प्रजनन संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। ।

.............

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0** पर भेज सकते हैं। **1922** नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000